Regarding medical courses in Uttar Pradesh

श्री लालजी वर्मा (अंबेडकर नगर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

मान्यवर, मेरे जिले में राजकीय मेडिकल कॉलेज, अंबेडकर नगर है । वर्ष 2011 से एमबीबीएस की कक्षाएं चल रही हैं और लगभग 13 साल हो जाने के बाद भी आज एमएस और एमडी की कक्षाएं नहीं हैं । पहले एमसीआई बाधा बनती थी, अब एनएमसी के द्वारा उसको मान्यता नहीं दी जा रही है । जबकि उससे कम शर्तें होने के बाद भी अयोध्या मेडिकल कॉलेज में एमडी और एमएस की कक्षाएं हैं ।

इसलिए आपके माध्यम से मेरी सरकार से यह मांग है कि एमएस सर्जरी, एमडी मेडिसिन, एमएस ईएनटी, एमस ऑर्थो, एमएस गाइनी तथा एमएस ऑप्था आदि तमाम विषयों में पोस्ट ग्रेजुएट की मान्यता दी जाए । एनएमसी की जो गाइडलाइन या नियम है, उन नियमों में कुछ सिथिलता दी जाए, ताकि पूर्वांचल क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो सकें तथा मेडिकल कॉलेज का अस्तित्व हो सके, इसलिए वह उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ।

माननीय सभापति **:** चन्द्र शेखर जी, एक मिनट में अपनी बात पूरी करिए ।